>

Title : Need to set up more Primary Health Centres under Rural Health Mission in the remote and far-flung areas of the Country.

डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय (मंदसौर) अध्यक्ष महोदय, ग्रामीण क्षेत्रों में भी अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हों, इस दृष्टि से विभिन्न राज्यों में केन्द्र सरकार की सहायता से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थापना बड़ी संख्या में की गई किंतु बाद में इस योजना की क्रियान्विति में निरंतरता नहीं होने से कुछ क्षेत्र तो सामान्यतः लाभान्वित हुए किन्तु जो क्षेत्र सुदूरवर्ती इलाकों, पहाड़ी क्षेत्रों में स्थित हैं, वहां ये सुविधाएं प्राप्त नहीं हो सकी साथ ही इन स्वास्थ्य केन्द्रों पर निर्धारित मानदंड के अनुसार चिकित्सकों व सहायकों की नियुक्तियां न होने या स्थान रिक्त रहने के कारण लाभ नहीं मिल पा रहा है। उपकरणों का रखरखाव समुचित धनराशि के अभाव में, कर्मियों की कमी के कारण वाहनों एवं भवनों की भी स्थिति उक्त धनाभाव के कारण खराब होती जा रही है, जो अत्यंत चिंताजनक है।

अतः यह आवश्यक है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की उपयोगिता को देखते हुए ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के तहत प्राथमिक केन्द्रों को अधिकाधिक उपयोगी बनाया जाये व वंचित क्षेत्रों को लाभान्वित किये जाने की दृष्टि से नये केन्द्रों की स्थापना हो।

मैं चाहूंगा माननीय स्वास्थ्य मंत्री इस संबंध में एक समयबद्ध कार्य योजना को मूर्तरूप दें ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के अभाव को दूर किया जा सके और जिससे स्वस्थ भारत के निर्माण की दिशा प्रशस्त हो सके।